**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (04.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.06.2025, PAGE-10**

# राजभवन ने रजिस्ट्रार का पैनल मांगा

मुजफ्फरपुर। राजभवन ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालायों से रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और वित्त सलाहकार का पैनल मांगा है। इसके लिए राजभवन की तरफ से मंगलवार को सभी कुलपतियों को पत्र भेजा गया है। पिछले दिनों राजभवन ने रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी और वित्त सलाहकार की नियुक्ति के लिए नई नियमावली जारी की थी।

# विवि से मांगी रैगिंग पर कार्रवाई की जानकारी

मुजफ्फरपुर। यूजीसी ने रैगिंग पर हुई अब तक की कार्रवाई की रिपोर्ट बीआरए बिहार विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों से मांगी है। यूजीसी का कहना है पिछले साल यूजीसी ने रैगिंग पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर कहा है कि रैगिंग रोकने के लिए विवि प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए गए इसकी भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:04.06.2025, PAGE-10**

## वीसी डॉ. दिनेश चंद्र ने किया दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में उद्घाटन

# दूरस्थ में खुला आईटी सेल अब ई-लाइब्रेरी भी होगी

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के दूरस्थ शिक्षा निदेशलय में मंगलवार को एक आईटी सेल खोला गया। सेल का उद्घाटन कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने किया। इस मौके पर दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. कांतेश कुमार भी मौजूद रहे।

डॉ. कांतेश ने बताया कि इस सेल का उद्देश्य स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के मानविकी एवं समाज विज्ञान के छात्रों को कंप्यूटर की शिक्षा जो ऐच्छिक विषय के रूप में है, उसका प्रशिक्षण देना है। इसके अलावा यह विश्वविद्यालय के इस सेल में छात्रों को ई-लाइब्रेरी की भी सुविधा मिलेगी। वहीं कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध करने वाले छात्रों को भी इस सेल से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर निदेशालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



- पीजी के छात्रों को दिया जायेगा सेल में प्रशिक्षण
- गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य में छात्रों को मिलेगी मदद

उधर, बीआरएबीयू अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित योग संगम कार्यक्रम में भाग लेने लेगा। विश्वविद्यालय ने इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि योग आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी होगी। योग संगम का उद्देश्य देश के एक लाख से अधिक स्थलों पर एक साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योग सत्र का आयोजन करना है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम से करेंगे। 2025 में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को और भी व्यापक और वैश्विक बनाने का प्रयास है।

### रामेश्वर कॉलेज को मिली बीसीए व बीबीए की मान्यता

**मुजफ्फरपुर ।** रामेश्वर कालेज को बीबीए और बीसीए कोर्स चलाने के लिए एआईसीटीई की मंजूरी मिल गई। दोनों कोर्स में 50-50 सीटों पर दाखिला लिया जायेगा। इसकी जानकारी प्राचार्य डा. व्यास नंदन शास्त्री ने दी। उन्होंने कहा कि बीबीए कोर्स छात्रों को प्रबंधन, व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करेगा। उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। प्राचार्य ने बीबीए समन्वयक डा. महजबीन परवीन और बीसीए समन्वयक डॉ. धीरज कुमार को मान्यता लाने के लिए बधाई दी। उधर, पूरे बिहार विवि में भी वोकेशनल कोर्स में इस बार सीटें बढ़ गई हैं। इस वर्ष वोकेशनल में सात हजार सीटों पर दाखिला लिया जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN MUZAFFARPUR DATE:04.06.2025 PAGE-10

# पैट 2023 में मिलेगा एडिट का विकल्प

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में पैट 2023 में आवेदन करने के लिए छात्रों को एडिट का विकल्प दिया जायेगा। इसकी जानकारी यूएमआईएस समन्वयक प्रो. टीके डे ने दी। उन्होंने बताया कि जिन छात्रों ने नेट या जेआरएफ की परीक्षा पास कर ली है, वह आवेदन के साथ नेट या जेआरएफ सर्टिफिकेट लगा सकते हैं। इससे पैट की लिखित परीक्षा से छूट मिलेगी। विव में पैट 2023 और 2024 की परीक्षा एक साथ होगी। पैट 2023 के लिए 1556 और पैट 2024 में 207 ओवदन मंगलवार तक आ चुके थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.06.2025, PAGE-05**

# दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में आइटी सेल शुरू, 38 कंप्यूटर लगाए गए




आइटी सेल के उद्घाटन में मौजूद वीसी प्रो. डीसी राय व अन्य ● जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में आइटी सेल की शुरुआत हुई है। मंगलवार को कुलपति प्रो. डीसी राय ने इसका उद्घाटन किया। आइटी सेल में 38 कंप्यूटर लगाए गए हैं। इसका इस्तेमाल पीजी सेकंड सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थी कर सकेंगे। मानविकी एवं समाजिक विज्ञान के विद्यार्थयों को कंप्यूटर की शिक्षा ऐच्छिक विषय के रूप में दी जाती है। इसमें उन्हें प्रशिक्षण की सुविधा मिल सकेगी। इसका उपयोग विश्वविद्यालय की विभिन्न कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा। आने वाले दिनों में आइटी सेल में विद्यार्थियों को ई - लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। डीडीई के डा. कांतेश कुमार ने बताया कि आइटी सेल का उद्घाटन कुलपति ने किया है। इस मौके पर विभिन्न पीजी विभागों के कई छात्र, कर्मचारी और शिक्षक उपस्थित हुए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:04.06.2025, PAGE-04


## विवि ने जारी किया संशोधित शिड्यूल, 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन

# 25 को प्रवेश परीक्षा, 21 जुलाई से शुरू होंगी वोकेशनल कोर्स की कक्षाएं

- 30 जून से शुरू होगा नामांकन, 15 जुलाई तक दाखिला लेने के बाद विवि को रिपोर्ट भेजेंगे कॉलेज

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने विभिन्न कॉलेजों और पीजी विभागों में संचालित डेढ़ दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है. अब 20 जून तक दाखिले के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिया जायेगा. 25 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी. इसके बाद पांच दिनों में कॉपियों की जांच कर परिणाम जारी कर दिया जायेगा. सफल विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटित किया जायेगा. यहां 30 जून से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी. 15 जुलाई तक नामांकन लेने के बाद कॉलेज विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेजेंगे. सीसीडीसी कार्यालय की ओर से सभी संबंधित कॉलेजों व विभागों को पत्र भेजा गया है. कहा गया है कि इसकी जानकारी कॉलेजों में नोटिस बोर्ड पर लगा दें. इसके बाद आवेदन की तिथि आगे नहीं बढ़ेगी. उन्होंने कहा है कि वोकेशनल कोर्स के नए सत्र की कक्षाएं 21 जुलाई से शुरू करने का प्रस्ताव है. इससे पूर्व नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी करनी हैं. बता दें कि इससे पूर्व 30 मई तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गयी थी, लेकिन कम आवेदन प्राप्त होने के कारण विश्वविद्यालय को तिथि आगे बढ़ानी पड़ी. कई कॉलेजों की ओर से आवेदन देकर तिथि बढ़ाने की मांग की गयी थी. कई कोर्स में तो निर्धारित सीट का 10 प्रतिशत भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था. कॉलेजों ने कहा था कि आवेदन की प्रक्रिया में परिवर्तन हुआ है. विश्वविद्यालय स्तर पर पहली बार केंद्रीकृत आवेदन लिया जा रहा है. इस कारण विलंब से जानकारी होने से कई छात्र-छात्राएं आवेदन नहीं कर सके हैं. इसको देखते हुए तिथि बढ़ाई गयी है.

## रामेश्वर कॉलेज में बीबीए-बीसीए कोर्स को मान्यता

**एडमिशन अलर्ट**

**मुजफ्फरपुर.** रामेश्वर महाविद्यालय में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) कोर्स के संचालन को लेकर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मंजूरी मिल गयी है. दोनों कोर्स में 50-50 सीटों पर नामांकन के लिए परिषद ने स्वीकृति दी है. नये सत्र में दोनों कोर्स में विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे. कॉलेज के बीबीए कोर्स की समन्वयक डॉ महजबीन परवीन और बीसीए के कोऑर्डिनेटर डॉ धीरज कुमार ने इस कोर्स को मान्यता दिलाने में अहम भूमिका निभायी. इन्होंने बताया कि बीबीए कोर्स छात्रों को प्रबंधन, व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करेगा.

उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा. वहीं तकनीकी शिक्षा के लिए बीसीए कोर्स अहम है. इस ओर विद्यार्थियों का काफी रूझान है. कॉलेज के प्राचार्य प्रो.व्यास नंदन शास्त्री ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है. कहा कि प्रबंधन और तकनीक के क्षेत्र में ये कोर्स बेहद महत्वपूर्ण हैं. एआइसीटीई से मान्यता मिलने पर अब विद्यार्थी यहां से इन दोनों कोर्स में दाखिला ले सकेंगे.

**दो घंटे की होगी प्रवेश परीक्षा, 50 प्रश्न पूछे जायेंगे :** वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए ओएमआर शीट पर प्रवेश परीक्षा ली जायेगी. कुल 50 प्रश्न पूछे जायेंगे. इसके लिए दो घंटे का समय दिया जायेगा. प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित किये जायेंगे. निगेटिव मार्किंग नहीं की जायेगी. ओएमआर शीट पर परीक्षा होने के कारण कंप्यूटराइज्ड मूल्यांकन होगा. चार से पांच दिनों में इसका परिणाम आ जायेगा.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:04.06.2025, PAGE-04**


# छात्रों को मिलेगी निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में मंगलवार को आइटी सेल का उद्घाटन किया गया. छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा और शोध में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने इसका उद्घाटन किया. स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के मानवीकी व समाज विज्ञान के छात्रों को एक वैकल्पिक विषय के रूप में कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की जाएगी. इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी छात्रों को उपलब्ध कराएगा.



बीआरएबीयू में आइटी सेल का उद्घाटन करते कुलपति.

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध करने वाले छात्रों को इस आइटी सेल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने की सुविधा मिलेगी. उद्घाटन के दौरान निदेशालय के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी और छात्र भी मौजूद थे. छात्रों ने इस कंप्यूटरीकृत शिक्षा के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से की गयी पहल की सराहना की. छात्रों ने कहा कि डिजिटल कौशल को बढ़ाने और उन्हें आधुनिक शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने की दिशा में विवि ने बेहतर पहल की है.

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.06.2025, PAGE-04**

# योग संगम में प्रतिभागी होगा बीआरएबीयू : वीसी

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले योग संगम कार्यक्रम में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रतिभाग करेगा. कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय के निर्देश पर सहभागिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. कुलपति प्रो. राय ने योग संगम में विश्वविद्यालय की भागीदारी को लेकर कहा कि इसमें छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से क्षेत्र में योग के प्रति जागरूकता आएगी. योग संगम का उद्देश्य देश के एक लाख से अधिक स्थलों पर एक साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योग सत्र का आयोजन करना है. इसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम से करेंगे. देशभर से विभिन्न संगठनों और संस्थानों की सहभागिता इस पहल को व्यापक जन समर्थन प्रदान कर रही है. कुलपति ने बताया कि योग कभी भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग था. अब यह वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित हो चुका है. इस आयोजन में योग सत्र, प्राणायाम, ध्यान और कार्यशालाएं शामिल होंगी. जिसमें आयुष विभाग के विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेंगे. विश्वविद्यालय परिसर में इस अवसर पर योग शिविर और जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा.